कुर्सी छोड़ वृद्ध दिव्यांग के पास पहुंचे सीओ, सुनी समस्या

जासं ● श्रावस्ती : पुलिस कार्यालय में गुरुवार को जन सुनवाई के दौरान इकौना सीओ आलोक कुमार सिंह को वृद्ध दिव्यांग फरियादी के आने की जानकारी हुई तो वे तुरंत कुर्सी छोड़कर कटरा निवासी दिव्यांग रामदुलारे के पास पहुंचे और समस्या सुनी। संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सीओ ने समस्या सुनने के बाद दिव्यांग फरियादी को पीआरवी वाहन से गंतव्य स्थल तक भेजवाया। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति थाना या कार्यालय आने पर असहज महसूस न करे। इसके लिए श्रावस्ती पुलिस प्रतिबद्ध है। जन सुनवाई सिर्फ शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का मंच है।

वृद्ध दिव्यांग रामदुलारे की समस्या सुनते सीओ आलोक कुमार सिंह ● जागरण

दिव्यांग बुजुर्ग फरियादी की मदद को आगे आए सीओ इकौना आलोक कुमार सिंह

» सद्भावना का प्रतीक

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक कार्यालय श्रावस्ती में आयोजित जनसुनवाई के दौरान मानवीय संवेदनशीलता का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। जनसुनवाई के समय जब क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह को यह जानकारी मिली कि एक दिव्यांग फरियादी पुलिस कार्यालय पहुंचा है, तो उन्होंने तुरंत अपने कार्यालय से बाहर आकर स्वयं फरियादी के पास पहुंचकर उसकी समस्या सुनी।बताया गया कि दिव्यांग फरियादी कटरा नवीन मॉडर्न क्षेत्र का निवासी है। क्षेत्राधिकारी ने उसकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।समस्या सुनने के बाद दिव्यांग फरियादी को सुरक्षित उसके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए डायल 112 की व्यवस्था कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी इकौना ने कहा कि श्रावस्ती पुलिस का प्रयास है कि थाना या पुलिस कार्यालय आने वाला कोई भी व्यक्ति असहज महसूस न करे। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच है।श्रावस्ती पुलिस की इस संवेदनशील पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।